## ...ुरियों से मोहब्बत.... खिंचे चले आते हैं कलाकार

### चिरैंध फैलाने के डायलॉग से गुदगुदाया

कानपुर, 1 मई। टीवी सीरियल भाभी जी घर पर हैं में किरदार निभाने वाले कॉमेडियन टिल्लू का कहना है कि कनपुरियो से बड़ी मोहब्बत हो गयी। इसलिए सभी यहां खिंचे चले आते हैं। उनका कहना है कि मालिक-नौकर की तू-तू, मैं-मैं भी दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। फिल्म बेस्ट फ्रेंड में टिल्लू नजर आएंगे। मंगलवार को होटल विजय विला में सीरियल की टीम के साथ आये दारोगा हप्पू सिंह ने बताया कि सीरियल में कानपुर पर फोकस है और अभी दर्शक भी खूब पसंद कर रहे हैं। चिरैंध फैलाने वाले डायलाग के बारे में उन्होंने बताया कि हमीपुर जिले की आम भाषा में बोली जाती है, ज. लोगों को पसंद करने के साथ ही हंसी आने लगती है। अभी फिलहाल सीरियल व ऐड पर भी काम कर रहे हैं। अफगानिस्तान से आई फरिस्ता सना ने बताया कि पिछले दो साल से दिल्ली में रहकर हिन्दी सीखने के साथ छोटे-मोटे रोल भी करती है और कामेडियन शो में हप्पू सिंह, टिल्लू के साथ भी जाती हूं। मौका मिलने पर फेसम सीरियल भाभी जी घर पर है पर भी भूमिका निभाऊंगी।


वार्ता करते फरिस्ता सना व टिल्लू।

### दर्शकों को पसंद है गुलफाम का किरदार


वार्ता करतीं गुलफाम कली व अन्य।

कानपुर, 1 मई। शहर में कॉमेडियन शो करने आई कलाकार गुलफाम कली का कहना है कि टीवी सीरियल भाभी जी घर पर है में काफी बिजी हूं। फिलहाल सीरियल में ही काम कर रही हूं। उनका कहना है कि दो फिल्मों में काम की बात चल रही है, लेकिन अभी डिस क्लोज नहीं कर सकते है। तीसरी बार कानपुर आई हूं। उनका कहना है कि सीरियल में टीम के सभी सदस्य मिलझुल कर रहने के साथ काम करते हैं और किसी से भी कोई मतभेद नहीं है। प्रेम कुमार का कहना है कि सीरियल से सभी किरदार की भूमिका अपनी जगह पर है और मैं भी दर्शकों हंसाता हूं। डाक्टर का किरदार निभाने वाले जीतू गुप्ता का कहना है कि अभी भी सीरियल टाप पर चल रहा है

### कलाकार को मिल चुके हैं कई अवार्ड

कानपुर, 1 मई। टीवी सीरियल काफी फेमस हो रहा है, जिसमें सभी कलाकारों की भूमिका को दर्शक काफी पसंद भी कर रही है। कई अवार्ड मिल चुके हैं।

## घंटों बिजली गुल

कानपुर, 1 मई। फाल्टों व शटडाउन से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। एचटी केबिल में फाल्ट होने से कमला टावर फीडर बंद हो गया। रात 1 बजे से साढ़े चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। जरीब चौकी में 10 एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर शटडाउड होने से रात 12.25 बजे से बिजली गुल हो गयी। घंटों बिजली गुल रहने से लोगो का बुरा हाल रहा। नवाबगंज डिवीजन में तिकोनिया पार्क फीडर अर्थ फाल्ट की वजह से ब्रेकडाउन हो गया। एचटी लाइन में खराबी आने से 400 केवीए डी ब्लाक ट्रांसफार्मर शटडाउन हो गया। रात 1.30 बजे से बिजली आपूर्ति बाधित रही। जम्पर टूटने से आईओसी फीडर बंद हो गया। खम्भा लगाने के लिए दामोदर नगर फीडर का शटडाउन लिया गया। लाइन टूटने से रतनपुर फीडर बंद हो गया। पेड़ों की छटाई के लिए विश्वविद्यालय फीडर का शटडाउन लिया गया। दहेली सुजानपुर डिवीजन में खराबी की वजह से एक ट्रांसफार्मर बंद हो गया। दोपहर 2.10 बजे से बिजली आपूर्ति बाधित रही। एबीसी केबिल डालने के लिए शिव कटरा फीडर का शटडाउन लिया गया। खम्भा बदलने के लिए लाल बंगला फीडर का शटडाउन लिया गया। सुबह 11.45 बजे से बिजली आपूर्ति बाधित रही। खम्भा बदलने के लिए हंसपुरम डिवीजन में ट्रांसफार्मर का शटडाउन लिया गया।

## महापौर ने दिखाये तेवर

## अण्डर ग्राउन्ड खुदाई रोकी

कानपुर 1 मई। महापौर प्रमिला पाण्डेय ने आज निरीक्षण के दौरान चंद्रिका देवी मंदिर के सामने एलएनटी द्वारा केस्को की अण्डर ग्राउन्ड केबिल डालने के लिए की जा रही खुदाई को रोक दिया और मशीन को लॉक कर चॉबी जलकल महाप्रबंधक को सौप दी। लेकिन तीन घंटे के भीतर महापौर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का फोन आते ही बैकफुट पर आना पड़ा। जिसके चलते मशीन की चॉबी आपरेटर को सौपनी पड़ी।

**भाजपा नेता का फोन आते ही मशीन का लॉक खोला**

महापौर प्रमिला पाण्डेय को जानकारी मिली कि बिना नगर निगम को सूचना दिये ही चंद्रिका देवी मंदिर के सामने केस्को की अन्डरग्राउन्ड केबिल डालने के लिए खुदाई चल रही है। जिसके बाद महापौर तेवर सख्त दिखाते हुए पार्षद दल के उपनेता मेहन्द्र शुक्ला व क्षेत्रीय पार्षद बबलू के साथ मौके पर पहुँची और खुदाई को बंद कराकर ड्रील मशीन को लॉक कर दिया। जिसके कुछ ही देर बाद मशीन आपरेटर ने इसकी जानकारी ठेकेदार को दी। सूत्रों के अनुसार उक्त ठेकेदार का सम्पर्क भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से सीधे है। जहाँ से फोन कराने पर महापौर बैकफुट पर आ गई और मशीन का लॉक खोलने के लिए तीन घंटे के भीतर ही चॉबी आपरेटर को सौप दिया। जिसके बाद खुदाई का कार्य पुनः चालू हो गया है। अफीम कोठी चौराहे के पास केस्को की केबिल डालने के लिए की गई अण्डर ग्राउन्ड खुदाई के दौरान पाइप लाइन टूट गई थी। जिसको देखते हुए महापौर का इन मामलो को लेकर तेवर काफी सख्त है।


KANPUR PLASTIPACK LTD

CIN: L25209UP1971PLC003444

Regd. Office-D-19-20, Panki Industrial Area, Kanpur-208 022

TEL: +91 (0512) 2691 113 – 6; FAX: +91(0512) 2691117;

Email: secretary@kanplas.com ; Web: www.kanplas.com

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, notice is hereby given, that a meeting of Board of Directors of the Company is scheduled to be held on **Monday, the 14th day of May, 2018 at 12:00 Noon** at the Registered Office of the Company to, *inter-alia*, consider, approve and take on record Audited Financial Results for the Quarter and Financial Year ended 31st March, 2018.

For Kanpur Plastipack Limited

Sd/-

(Ankur Srivastava)

Company Secretary

Place: Kanpur

Date: 01/05/2018


Hindi - Aaj - Kanpur - 2/5/18

